हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 30 जुलाई 2025

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 सीएमएचओ को सौंपी शिकायत, मामले को...



07 चौरसिया समाज ने मनाई नागपंचमी किया...



## खबर संक्षेप

### इंटक बेल पर मोटर का मेंटनेंस कार्य जारी

**नर्मदापुरम**। कुछ क्षेत्रों में बुधवार और गुरूवार को हो सकती है पेयजल आपूर्ति प्रभावित नर्मदापुरम। इंटक बेल पर पानी की मोटर की खराबी आ जाने के कारण मेंटनेंस का कार्य किया जा रहा है। जिससे बुधवार और गुरूवार को शहर के कुछ स्थानों पर पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। नलकूपों से टंकियां भराई जाएंगी। साथ ही जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होगी उन क्षेत्रों में सूचना मिलने पर टैंकर भेजे जाएंगे। जलशाखा प्रभारी आयुषी रिछारिया ने बताया कि इंटक बेल की मोटर में खराबी आ जाने के कारण मेंटनेंस का कार्य जारी है। नपा के कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं। बुधवार और गुरूवार को शहर के कुछ स्थानों पर पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। क्षेत्र में आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए पेयजल टैंकर्स के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

### काउंसलर्स की टीम के लिए आवेदन आमंत्रित

**नर्मदापुरम**। जिला रोजगार अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन की कैरियर काउंसलिंग योजना के तहत जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से इच्छुक आवेदकों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने हेतु काउंसलर्स की टीम गठित की जानी है। इस टीम में एक मनोवैज्ञानिक और तीन विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो इच्छुक आवेदकों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। काउंसलर्स को नियमानुसार मानदेय दिया जाएगा। काउंसलर्स के पैनल में मनोवैज्ञानिक के लिए आवेदन करने के लिए मनोवैज्ञानिक में स्नातकोत्तर डिग्री या पीजी डिप्लोमा अनिवार्य है। विषय विशेषज्ञ हेतु आवेदन के लिए प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षा और स्वरोजगार प्रशिक्षण के क्षेत्र में मार्गदर्शन एवं परामर्श देने का अनुभव और योग्यता रखना अनिवार्य है। विषय विशेषज्ञों में सेना में भर्ती के लिए सेवानिवृत्त सैनिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।


## संध्या आरती के साथ साल भर के लिए बंद हुए पद्मनाभ नागदेवता मंदिर के द्वार, उत्साह और रोमांच की यात्रा का नागपंचमी पर हुआ विराम

### करीब 6 लाख की संख्या में भक्तों ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

नागद्वारी मेले में आने वाले भक्त नागद्वार गुफा में विराजित भगवान पदम्शेष के दर्शन करने पहुंचते हैं। भक्तों की मान्यता है कि पद्मशेष भगवान मन्नतों का देवता हैं। यही कारण है कि सात पहाड़ों को पार कर लगभग 20 किमी से अधिक की कठिन यात्रा कर श्रद्धालु नागद्वार गुफा तक पहंचे। जिला प्रशासन द्वारा सायंकाल में संध्या आरती के साथ मेले का समापन कर दिया गया।







पचमढ़ी। मंगलवार को सुप्रसिद्ध नागद्वारी मेले का समापन किया गया। मेले में लाखों भक्तों ने भगवान पद्मनाभ नागदेवता के दर्शन किये।

### चरम पर रहा भक्तों का उत्साह

नागद्धारी मेले में भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लाखों की तादात में भक्तों ने नागदेवता के दर्शन कर अपनी मुरादे पूरी कीं। मेले में जिले ही नहीं अपितु प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से श्रृद्धालु नागदेवता के दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान प्रशासन ने भी श्रृद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस टीम, मेडिकल टीम आदि गठित कर व्यवस्थाएं बनाई वहीं कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी सेवा भाव से मेले में भोजन, भंडारे आदि की सेवाएं प्रदान की। दूसरी ओर पचमढ़ी प्रशासन द्धारा लोगों को स्वछता बनाने के लिए भी जागरूक किया गया। प्रशासन द्धारा लोगों को आसानी और सुरक्षित यात्रा के लिए व्यवस्थाएं बनाई गई थी। वहीं नागपंचमी पर नागदेवता की संध्या आतरती के बाद मंदिर को साल भर के लिए बंद कर दिया गया।

### मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट, अभी हो सकती है 7-8 इंच तक और बारिश


# खतरे के निशान से 12 फीट दूर नर्मदा का जल स्तर, तवा डैम के 9 गेट खोले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में मंगलवार को तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए 4 से 8 इंच तक बारिश की चेतावनी दी है। स्थिति को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने 29 जुलाई को स्कूलों की छुट्टी घोषित की, लेकिन आदेश सुबह 8:30 बजे आया, जब तक कई छात्र स्कूल पहुंच चुके थे या निकल चुके थे। छुट्टी सिर्फ विद्यार्थियों के लिए है, शिक्षकों को स्कूल जाना अनिवार्य किया गया है। लगातार बारिश के चलते तवा डैम से 9 गेट 9-9 फीट तक खोलकर 1,00,224 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बरगी डैम के 15 गेट खुले हैं, जिससे 1,52,841 क्यूसेक और बारना डैम से 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

पिछले 48 घंटों से बारिश का दौर जारी है। वही तवा डेम के 9 गेट 7-7 फीट तक खोले गये हैं। प्रशासन ने बारिश के अलर्ट को लेकर स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी है।





### सेठानी घाट पर नर्मदा 955 फीट पर पहुंची




मंगलवार शाम 5 बजे तक सेठानी घाट पर नर्मदा नदी का जलस्तर 955 फीट पहुंच गया है। बरगी और बारना के गेट खुले होने के कारण आज रात 12 बजे तक नर्मदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 960 पर आ सकता है। तवा और नर्मदा के किनारे बसे गांवों के लोगों को प्रशासन ने सतर्क किया गया है। वहीं रहने और किनारे नहीं जाने की सलाह दी है। जलस्तर में हर घंटे बढ़ोतरी देखी जा रही है। वहीं जिला प्रशासन ने बाढ़ से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में 6 से 8 इंच और बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार मप्र और पूर्वी राजस्थान पर कम दबाव का क्षेत्र बना है। जिससे जिले में बारिश की संभावना है।

### जिले में अब तक 817 मिमी वर्षा दर्ज

1 जून से आज दिनांक 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 817.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 655.6 मिमी औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 28 जुलाई से 29 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 51.9 मिमी, सिवनीमालवा में 23.0 मिमी, इटारसी में 41.8 मिमी, माखननगर में 22.0 मिमी, सोहागपुर में 63.0 मिमी, पिपरिया में 60.4 मिमी, बनखेड़ी में 96.4 मिमी, पचमढ़ी में 94.2 एवं तहसील डोलरिया 22.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 949.00 फीट है, तवा जलाशय का 1159.80 फीट है, बरगी जलाशय का 419.30 मीटर एवं बारना जलाशय 347.02 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## गोवंश के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन को किया गया राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना के द्वारा मप्र गौवंश वध प्रतिशेध (संशोधन) अधिनियम 2004 की धारा 11 (5) में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत थाना पिपरिया में पंजीबद्ध अपराध में कार्यवाही करतें हुए गौवंशों के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन को शासन पक्ष में अधिहरण, राजसात किये जानें के आदेश पारित किये गये है।

उल्लेखनीय है कि थाना पिपरिया अंतर्गत अनावेदक राजाराम कहार पिता प्यारेलाल कहार निवासी भानपुर तहसील सोहागपुर के वाहन बोलेरो पिकअप कमांक एम.पी. 05 जी 8149 में 04 गौवंशों के अवैध परिवहन में लिप्त होने के कारण कलेक्टर न्यायालय में पंजीबद्ध प्रकरण में पारित आदेश दिनांक 25.07.2025 के अनुसार मप्र गौवंश वध प्रतिशेध (संशोधन) अधिनियम 2004 की धारा 11 (5) में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत शासन पक्ष में अधिहरण राजसात किये जानें के आदेश पारित किये गये।

### बाढ़ आपदा से बचने आयुक्त ने दिए निर्देश

नर्मदापुरम। संभाग के हरदा, बैतूल और नर्मदापुरम जिले में गत दिनों से अनवरत वर्षा हो रही है लगातार वर्षा को देखते हुए यदि इन जिलों में कोई जनहानि होती है किसी की मृत्यु होती है मकान क्षतिग्रस्त होता है या बाढ़ से नुकसान होता है तो सभी संबंधित कलेक्टर तत्काल पीड़ितों को राहत राशि देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि यदि पात्र न होने के कारण आरबीसी 6/4 में राहत राशि देना संभव नहीं है तो संबल योजना या प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में पीड़ितों को लाभ प्रदान करते हुए राहत राशि देना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की भारी बारिश के चलते आम जनता को नदी घाटों एवं तटों से दूर रहने की समझाइश देते हुए एवं नदी घाटों पर 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखी जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की बारिश के दौरान यदि मकान क्षतिग्रस्त होता है तो पटवारी मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर पीड़ित को राहत राशि दिलाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की क्षतिग्रस्त स्थलों पर एवं वर्षा से बाधित स्थलों पर शासकीय अमला प्राथमिकता से पहुंचे और तत्काल बचाव कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं जल भराव की स्थिति बन रही है तो जल की निकासी भी प्राथमिकता से की जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह उपार्जन केंद्रों पर किसानों से शासन के मापदंड अनुसार ही एफएक्यू के अनुसार ही मूंग खरीदें, किसी भी स्थिति में खराब क्वालिटी का मूंग का उपार्जन न किया जाए।

## सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत ने सुनी जन समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत ने आमजनों द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान ग्राम दीवान खरार तहसील डोलरिया से आए सुधीर कुमार ने बताया के उनकी पुत्री कनिष्का गौर को कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने के उपरांत भी लाडली लक्ष्मी योजना की राशि प्राप्त नहीं हो रही है जिसके लिए उन्होंने आवेदन दिया, जिस पर श्री रावत ने संबंधित अधिकारी को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के लिए आदेशित किया। एक अन्य मामले में आवेदनकर्ता राजेंद्र यादव ग्राम भीमगाव तहसील सिवनी मालवा ने आवेदन देते हुए बताया कि उनकी पेत्रिक भूमि पर फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर विक्रय कर कब्जा कर लिया है आवेदनकर्ता ने कब्जा वापस कराने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया, रावत ने संबंधित अधिकारी को मामले को गंभीरता से जांच कर सहायता प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में नामांतरण, बंटवारा, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मेढ-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास, आपसी विवाद, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। रावत ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## मूंग उपार्जन कार्य का किया गया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में किसानों से मूंग खरीदी का कार्य नियमित रूप से सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम), तहसीलदार एवं उपार्जन समिति के अधिकारी निरंतर उपार्जन केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्रों पर तुलाई व्यवस्था, गुणवत्ता मापदंड, परिवहन, भुगतान सहित किसानों की समस्या की सतत निगरानी कर उनका निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार पिपरिया नीरज सिंह बैंस द्वारा पिपरिया स्थित इंद्रेश वेयर हाउस के उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया गया एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। इसी प्रकार बनखेड़ी तहसील में भी नायब तहसीलदार सुश्री अंजू लोधी द्वारा समनापुर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## सर्वाइट कांवेन्ट स्कूल में हुआ एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सरवाइट कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य महोदया सिस्टर सलूजा , शाला प्रबंधक सिस्टर आयरिन के नेतृत्व मे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मयंक तोमर , डॉ नीतिश चौधरी, प्रेमलता तोमर, नारी जागरण मंच की उपस्थिति में बच्चों ने पर्यावरण की सुरक्षा हेतु अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम पर छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. मयंक तोमर ने कहा कि भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार दोनों के प्रयास सराहनीय हैं और सभी को इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनना चाहिए,बच्चों के प्रदर्शन एवं 'एक पेड़ मां के नाम' जागरूकता संदेश ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों को पर्यावरण की सुरक्षा एवं एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत शाला में चित्रकला प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन शाला प्रांगण में वृक्षारोपण कर किया गया।

## महाकाल मित्रमंडल के तत्वावधान में निकली भव्य कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में महाकाल मित्रमंडल के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जो कि विवेकानंद घाट से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए विश्व प्रसिद्ध काले महादेव मंदिर पहुंची जहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक किया यात्रा का पूरे शहर के विभिन्न मार्गों में वरिष्ठ समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, व्यापारियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं ने भव्य रूप से स्वागत किया गया, महादेव के जलाभिषेक के साथ क्षेत्रवासियों के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। बारिश में भीगते हुए कांवड़ियों ने भोलेनाथ के जयकारे लगाए और नाचते गाते हुए काले महादेव मंदिर पहुचे। यात्रा सयोजक सागर सन्तोर, दिलीप सिंह मांझी ने बताया कावड़ यात्रा के आयोजन से समाज में एकजुटता आती है।

### बाढ़ आपदा से निपटने नगर प्रशासन ने की तैयारी

## सीएमओ ने बाढ़ राहत शिविरों में व्यवस्था करने के दिए निर्देश, व्यवस्था बनाने में जुटा गया नपा का अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लगातार हो रही बारिश के चलते नगरपालिक अधिकारी एवं कर्मचारी अलर्ट मोड में हैं। बांधों के पानी के कारण नर्मदा का जल स्तर भी बढ़ रहा है। नगर में जल भराव की स्थिति को देखते हुए बरसते पानी में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न स्थानों से नाले नालियों की सफाई की गई तथा जल निकासी सुचारू की गई। ओवर फ्लो होने वाले नालों पर बेरिकेटिंग की जा रही है। साथ ही बढ़ते जल स्तर को देखते हुए निचले क्षेत्रों में मुनादी कराई जा रही है।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर बाढ़ राहत शिविर बनाए गए हैं। शिविरों में विद्युत व्यवस्था, पेयजल एवं साफ सफाई की व्यवस्था की गई है। श्री सोनी ने बताया कि नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी बाढ़ राहत शिविरों में लगाई गई है। सीएमओ ने निर्देश दिए हैं कि बाढ़ राहत शिविरों में साफ सफाई व्यवस्था, लाइट व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था करें। साथ ही निचली बस्ती क्षेत्र में मुनादी कराएं। नगरपालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र में ओवर फ्लो होने वाले नालों पर सुरक्षा की दृष्टि से बेरिकेटिंग की गई है। वहीं सेठानीघाट पर बेरीकेटिंग कर बाढ़ राहत केंद्र से मुनादी कराई जा रही है। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि लगातार नाले नालियों की सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही वार्ड नंबर 22 में नाले नालियों की सफाई गई और लगातार बाजार क्षेत्र में निरीक्षण कर जहां भी जल भराव की समस्या थी उसका समाधान किया जा रहा है। गगन सोनी ने बताया कि लगातार नगर भ्रमण का बेसहारा मवेशियों की सर्चिंग की जा रही है।

### यहां बनाए गए शिविर

नर्मदा महाविद्यालय, एसएनजी स्कूल, साधुवासी स्कूल ग्वालटोली, साहू धर्मशाला बसंत टाकीज, श्रमिक कल्याण केंद्र एसपीएम, नालंदा स्कूल ग्वालटोली, ज्ञानोदय स्कूल बीटीआई, विंध्यवासनी स्कूल मालाखेड़ी आदि स्थानों पर बाढ़ राहत शिविर बनाए गए हैं।

## राज्यसभा सांसद नारोलिया ने वित्त मंत्री से मुलाकात कर माना आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसद भवन स्थित वित्त मंत्रालय कार्यालय में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। सांसद नारोलिया ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में एसपीएम में मशीन की आवश्यकता को लेकर प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री से मुलाकात कर पत्र देकर निवेदन किया था। नर्मदापुरम (मध्यप्रदेश) स्थित प्रतिभूति कागज कारखाना एसपीएम में नई पेपर मशीन पीएम 6 की स्थापना हेतु वित्त मंत्रालय के सार्वजनिक निवेश बोर्ड पब्लिक इंवेस्टमेंट बोर्ड द्वारा 21 जुलाई 2025 को इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने पर आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया । राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने वित्त मंत्री से अनुरोध किया कि नर्मदापुरम की पहचान से जुड़ी इस महत्त्वपूर्ण परियोजना को मंत्री परिषद की कार्यसूची में शामिल कर शीघ्र स्वीकृत कराने की मांग की।

## खबर संक्षेप

### बर्तन साफ कर रही महिला को सांप ने काटा

**बैतूल।** बीजादेही गांव में सोमवार रात सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका अनिता राठौर पत्नी रमेश राठौर बैतूल बाजार की निवासी थीं। रविवार रात करीब 9.30 बजे अनिता राठौर खाना बनाने के बाद बर्तन धो रही थीं। तभी उन्हें सांप ने डस लिया। घरवालों ने तुरंत उन्हें पाढर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब तक जहर शरीर में फैल चुका था। डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। घटना की जानकारी मिलते ही पाढर पुलिस चौकी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बैतूल जिला अस्पताल भेजा। सोमवार को महिला का पोस्टमार्टम कराया गया। महिला के देवर नरेश राठौर ने बताया कि उन्हें तत्काल पाढर अस्पताल ले जाया गया था। लेकिन जहर का असर बहुत तेज था। बता दें कि प्रशासन ने एक दिन पहले ही सांपों से सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की थी। महिला की अंत्येष्टि बैतूल बाजार में की जा रही है।

### बैतूल में रक्तदान शिविर 1 अगस्त को

**बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल में 1 अगस्त को प्रातः 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बैतूल के कार्यालय अधीक्षक ने बताया कि शिविर के दौरान हरित महाअभियान के तहत फलदार पौधों का रोपण परिसर में किया जाएगा। उन्होंने जनमानस से रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर रक्तदान किए जाने का अनुरोध किया है।

### जिले में अभी तक 510.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 510.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 490.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 29 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 23.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 29 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 12.2, घोड़ाडोंगरी में 18.0, चिचोली में 42.0, शाहपुर में 24.0, मुलताई में 10.0, भैंसदेही में 22.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### चिरमा टेकरी में उल्टी-दस्त से दो महिलाओं की मौत, परिजनों ने लगाए आरोप

# सीएमएचओ को सौंपी शिकायत,मामले की जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल/भौरा




जनपद पंचायत शाहपुर की ग्राम पंचायत सालीमेट के ग्राम चिरमा टेकरी में उल्टी-दस्त की चपेट में आई दो महिलाओं की मौत हो गई थी। जिसमें एक महिला की घर पर, वही दूसरी महिला की बैतूल के निजी अस्पताल में मौत हुई थी। इस मामले में मृत महिला शांताबाई परते के पुत्र रामलाल परते ने शाहपुर अस्पताल पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि समय पर न तो डॉक्टर पहुंचे और न ही आवश्यक इलाज शुरू किया गया, जिससे उसकी मां की हालत बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर रामलाल परते ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज हुडमाडे को शिकायती आवेदन पत्र भी सौंपा है। रामलाल परते ने बताया कि उसकी मां शांताबाई को उल्टी दस्त होने पर तत्काल शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। लेकिन वहां पहले तो मां के इलाज के लिए पर्ची बनाने के लिए लंबी लाइन में खड़ा रहा और फिर जब मेरा नंबर आया, तब तक 2 बजे गए थे। पर्ची बनाने वाले कर्मचारी ने कहा कि लंच टाइम हो गया है। अब 5 बजे ही पर्ची बनेगी। मजबूर होकर माँ शांताबाई परते को निजी वाहन से बैतूल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां 20 जुलाई को मां की मृत्य हो गई।

### माँ के इलाज के लिए होते रहे परेशान

रामलाल परते का आरोप है कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए परेशान होते रहे, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिला। जैसे-तैसे मां को सीधे अस्पताल के वार्ड में ले गया। जहां नर्स ने बोतल और इंजेक्शन लगाए। लेकिन मां को आराम नहीं लगा। गंभीर स्थिति के कारण मां को बैतूल रेफर करने की मांग, लेकिन नर्स ने कहा कि 5 बजे डॉक्टर आने पर ही रेफर किया जाएगा। 5 बजे डॉक्टर आए, और माँ को इंजेक्शन लगाया। लेकिन फिर भी उन्हें आराम नहीं लगा था। इसके बाद मजबूर होकर निजी वाहन से मां को बैतूल निजी अस्पताल लेकर पहुंच। जहां मां की मृत्य हो गई। मां की मौत के पहले भी गांव में एक महिला की मौत हो चुकी थी।

### शाहपुर अस्पताल में व्यवस्थाएं बेपटरी

ग्रामीणों का आरोप है कि शाहपुर अस्पताल में व्यवस्थाएं पहले से बदत्तर हो गई हैं। डॉक्टरों की समय पर उपलब्धता भी नहीं रहती हैं। यहां दवाइयों की कमी और लापरवाही के आरोप पहले भी सामने आ चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। यहां तक क्षेत्रीय विधायक और नेताओं ने अस्पताल की लचर व्यवस्था में सुधार के लिए बैतूल कलेक्टर सहित सीएमएचओ को कई बार पत्राचार किया जा चुक है। किन्तु अस्पताल की स्थिति गंभीर होते जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की यह स्थिति है तो इसके अंतर्गत आने वाले दुरुस्थ गांवो में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों के क्या हाल होंगे, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

### कार्रवाई करेंगे

इस मामले में मृतिका के पुत्र ने शिकायती आवेदन दिया था। जिस पर तीन डॉक्टरों की जांच टीम बना दी है। टीम द्वारा सभी के बयान दर्ज कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली जायेगी। प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है। इसके बाद ही अग्रिम कार्रवाही करेंगे।

**मनोज हुरमाड़े,**
सीएमएचओ, बैतूल

### टीम गठित कर जांच कराने की मांग

महिला के मौत के मामले में पुत्र रामलाल परते ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाये है। शिकायतकर्ता रामलाल परते का आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिलता है। यहां डॉक्टरों की कमी भी बनी रहती है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मरीज उपचार के लिए लंबी-लंबी कतारों में घंटो खड़े रहते है और गुजरने के बाद डॉक्टर रवाना हो जाते है। जिससे मरीजों को लंबे समय तक उपचार नहीं मिल पाता है और उनकी जान पर बन आती है। इस विषय की जांच होनी चाहिए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

### निजी अस्पताल और बीएमओ को नोटिस जारी

महिला की गंभीर स्थिति और मौत के मामले में सीएमएचओ ने बैतूल के एक निजी अस्पताल और शाहपुर बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किये है। जिसमें कहा गया कि निजी अस्पताल में महिला का तीन दिन उपचार जारी रहा, लेकिन अस्पताल से कोई जानकारी नहीं भेजी गई। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर के बीएमओ को भी नोटिस जारी किया है। इसके अलावा तीन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी नोटिस दिये है। नोटिस में तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा है। इसके अलावा जिस अस्पताल में महिला की मौत हुई थी, वहां से मृतिका के पुत्र को सीएमएचओ के कहने पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया, ताकि मृतिका के परिजनों को शासन की तरफ से मिलने वाली अंत्योष्टि की राशि मिल सके।

### निकाली कांवड़ यात्रा

# सावन मास के तीसरे सोमवार मंदिरों में रही भीड़, भगवान शिव का किया जलाभिषेक



**भैंसदेही।** मां पूर्णा की पावन नगरी मे सावन मास के तीसरे सोमवार नगर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। शिव भक्तों ने शिवालय पहुंचकर जल, पंचामृत और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया। वहीं मुक्तकंठ से जयकारे लगाये। जिससे शहर के समस्त शिवालय जयकारों से गुंजायमान हो उठे। दरअसल आज सावन महीने का तीसरा सोमवार था। यह दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए बेहद शुभ माना जाता है। जिसके कारण सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सावन के तीसरे सोमवार के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भी की। कहा जाता है कि देवाधिदेव महादेव का सम्पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने से सौभाग्य प्राप्त होता है। मान्यता है कि सावन सोमवार पर शिव पूजन करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा जीवन में सदैव सुख-समृद्धि वास करती हैं। यहीं कारण है कि सावन के तीसरे सोमवार भी मंदिरों में रुद्राभिषेक, पंचामृत स्नान, गंगाजल व दूध से अभिषेक तथा बेलपत्र अर्पण जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। वहीं कई भक्तगण कावड़ लेकर मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके अलावा मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया गया।

**डीजे, गाजे-बाजे के साथ निकाली कावड़ यात्राः** भैंसदेही के पोखरनी से पुरुष, मातृशक्तियों द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा में शामिल महिलाओं ने माँ पूर्णा उद्गम स्थल काशी तालाब पहुंचकर कावड़ में जल भरा और डीजे, बैंडबाजे के साथ यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए दुर्गा मंदीर, प्राचीन मंदिर से भगवान सिद्धेश्वर भोलेनाथ मंदिर पहुंची, जहां भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया।

# जायलो वाहन से अवैध सागौन जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

### बीती रात 10 बजे वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई



**बैतूल।** दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल में अवैध वनोंपज तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग को एक बड़ी सफलता मिली है। ताप्ती परिक्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त के दौरान महिंद्रा जायलो वाहन से अवैध सागौन परिवहन करते हुए चार आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। मौके से कीमती सागौन वनोपज जब्त कर आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। डीएफओ विजयानन्तम टी.आर. के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती (सा.) दयानन्द डेहरिया द्वारा सघन गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई की रात्रि लगभग 10 बजकर 13 मिनट पर मेंढाढाना-भाडरी रोड पर एक महिंद्रा जायलो वाहन क्रमांक एमपी48टी0849 को रोका गया, जिसमें अवैध रूप से सागौन वनोपज ले जाई जा रही थी। वन विभाग की टीम ने वाहन से सागौन के दो नग जप्त किए, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 हजार रुपए बताई गई है। वाहन में चार व्यक्ति सवार थे, जिन्हें मौके पर पकड़ा गया।

# नई शिक्षा नीति के तहत 21वीं सदी जीवन कौशल विकास कार्यक्रम में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

### सांदीपनी विद्यालय भैंसदेही में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**बैतूल।** जानजातीय कार्यालय विभाग बैतूल एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बैतूल जिले के भैंसदेही विकासखंड के सांदीपनी विद्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय रेफ्रेशिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 60 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण की शुरुआत ब्लॉक प्रबंधक श्री मेहरबान सिंह द्वारा प्री-टेस्ट से हुई, जिसके बाद जिला प्रबंधक सुश्री निष्ठा सौदावत वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल की संरचना एवं मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। ब्लॉक प्रबंधक द्वारा जेंडर समानता और बाल संरक्षण के महत्व पर विशेष सेशन के माध्यम से शिक्षकों की समझ विकसित की

# अंधविश्वास की दीवार तोड़, स्वास्थ्य कर्मियों ने बचाई मां व नवजात की जान

### दस्तक अभियान के दौरान गंभीर मामला सामने आया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

भीमपुर विकासखंड के ग्राम चूनाभुरू में चल रहे दस्तक अभियान के दौरान अंधविश्वास का मामला सामने आया, जिसमें समय पर हस्तक्षेप कर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक गंभीर रूप से कमजोर नवजात और उसकी मां की जान बचाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि सोमवार को खंड चिकित्सा अधिकारी एवं बीपीएम, अंतरा फाउंडेशन के साथ संयुक्त रूप से ग्राम भ्रमण किया गया। इस दौरान एक नवजात शिशु की एचबीपीएनसी नवजात स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें उसका वजन मात्र 1500 ग्राम पाया गया। बच्चे की स्थिति अत्यंत गंभीर थी, वहीं मां की हालत भी नाजुक थी। जांच में सामने आया कि महिला ने गर्भावस्था की बात छिपाई थी और पेट में गोल होने की बात कहती थी। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसे गांव के एक बाबा ने अस्पताल न जाने की सलाह दी थी। वहीं उसके ससुर द्वारा उसे स्वास्थ्य केन्द्र ले जाने की अनुमति नहीं दे रहे थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीएचओ निकिता उइके, एएनएम श्रीमती दीपिका ठाकुर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मुलिया सरियाम ने कई बार महिला और परिवार को समझाने का प्रयास किया। बावजूद इसके परिवार का कोई भी सदस्य महिला के साथ अस्पताल जाने को तैयार नहीं था। स्वास्थ्य कर्मियों के लगातार प्रयासों और समझाइश के बाद अंततः मां और नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर रेफर किया गया, जहां दोनों को उपचार के लिए भर्ती किया गया। मौके पर जिला टीकाकरण अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी एवं अंतरा फाउंडेशन की टीम भी उपस्थित रही। सीएमएचओ डॉ. हुरमाडे ने बताया कि सीएचओ और एएनएम को नियमित फॉलोअप के निर्देश दिए गए हैं ताकि मां और शिशु की स्वास्थ्य निगरानी बनी रहे।

### वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# जायलो वाहन से अवैध सागौन जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल में अवैध वनोंपज तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग को एक बड़ी सफलता मिली है। ताप्ती परिक्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त के दौरान महिंद्रा जायलो वाहन से अवैध सागौन परिवहन करते हुए चार आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। मौके से कीमती सागौन वनोपज जब्त कर आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। डीएफओ विजयानन्तम टी.आर. के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती (सा.) दयानन्द डेहरिया द्वारा सघन गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई की रात्रि लगभग 10 बजकर 13 मिनट पर मेंढाढाना-भाडरी रोड पर एक महिंद्रा जायलो वाहन क्रमांक एमपी48टी0849 को रोका गया, जिसमें अवैध रूप से सागौन वनोपज ले जाई जा रही थी। वन विभाग की टीम ने वाहन से सागौन के दो नग जप्त किए, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई गई है। वाहन में चार व्यक्ति सवार थे, जिन्हें मौके पर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में रामकिशोर पिता लिम्मा विश्वकर्मा, अलकेश पिता लिम्मा विश्वकर्मा, शिवकिशोर पिता लिम्मा विश्वकर्मा तथा राजेश पिता लल्लू विश्वकर्मा शामिल हैं। ये सभी थाना चिचोली अंतर्गत खारीढाना गांव के निवासी हैं। चारों आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई को अंजाम देने में वन परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती (सा.) दयानन्द डेहरिया आदि रहे मौजूद।

# जिला स्तरीय विशिष्ट मौन साधना शिविर संपन्न, 327 साधक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भैंसदेही



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में उपजोन छिंदवाड़ा के अंतर्गत, बैतूल जिले के भैंसदेही तहसील में एक दिवसीय विशिष्ट अंत उर्जा जागरण सत्र का आयोजन किया गया। उपजोन साधना अभियान प्रभारी नरेन्द्र हिंगवे, शिवाजी ठाकरे, स्वरूप पराडर, चंद्र किरण घाटोड़े ने मार्गदर्शन दिया। श

री हिंगवे ने विस्तृत प्रकाश डालेते हुए बताया कि शरीर के विभिन्न तत्वों जिसमें जल, वायु, अग्नि, आकाश एवं पृथ्वी तत्व को साधना के माध्यम से शुद्ध कर विभिन्न बीमारियों से बचाने की विधा बताई। शिविर में शिवाजी ठाकरे ने पंचकोशी साधना के बारे में विस्तार से बताया कि अन्नमयकोश, प्राणमय कोश, विज्ञानमय कोश, मनोमय कोश आनंद मय कोश साधना के माध्यम से इन कोशो का शुद्धिकरण करकेजीवन को आनंदमय बनाकर शरीर स्वस्थ रखा जा सकता है ।साधना से जेनेटिक बीमारी भी ठीक हो जाती है। प्रशिक्षण में साधकों को विभिन्न मुद्राओं का ज्ञान कराया गया। सभी परिजनों ने मौन का अनुशासन पूर्वक पालन किया। इसके साथ ही साधना ध्यान,शक्तिचालनी मुद्रा, शक्तिसंचार प्राणायाम, सूर्यभेदी, नाड़ी शोधन, सोहम साधना, ज्योतिअवतरण त्राटक, नादयोग एवं मंत्र जाप का अभ्यास भी कराया गया। जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा एवं जिला सह समन्वयक रविशंकर पारखे, साधना अभियान प्रभारी राजकुमार पालीवाल ने बताया कि आज शिविर में 327 साधकों ने भाग लिया। यह साधना अभियान वंदनीय माताजी एवं अखंड दीपक की शताब्दी के प्रयाज क्रम में संपन्न हो रही है। शिविर के समापन अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष मनीष सोलंकी, नपा उपाध्यक्ष कुसुम सिंह किलेदार, एस आर धोटे, यादोराव निम्बालकर, देवीदास खाड़े, कमलेश कवड?र, पूर्व उपसरपंच पुंज्या डढोरे, तहसील समन्वयक शंकर कडू , गणपति गायकवाड़, कमलेश डढ़ोरे., एम आर पट्टैया , बुद्धीराम सुजाने, एसआर मगरदे, टीसी अनघोरे, ब्रह्मदेव उघड़े, सुरेश पांसे आदि का सहयोग मिला।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# प्राप्त आवेदनों का अधिकारी प्राथमिक से करें निराकरण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि एक ही शिकायत के निराकरण के लिए आवेदकों को जनसुनवाई में बार-बार न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। बैतूल के सदर निवासी प्रेम पवार ने मुलताई तहसील के ग्राम बरखेड़ में स्थित भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में नाम जुड़वाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई तहसीलदार को प्रकरण का शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय के कोठी बाजार निवासी प्रमोद कुमार अवस्थी ने आवेदन के माध्यम से मुआवजा नहीं दिए जाने के संबंध में शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम गौठाना के रहवासियों ने कॉलोनी में सडक़, नाली तथा बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल स्थल निरीक्षण कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बघोली की सरपंच वर्षा डांगे ने ग्राम लोहारिया में आंगनबाड़ी भवन क्षतिग्रस्त होने पर ग्राम के माध्यमिक स्कूल के भवन में आंगनबाड़ी का संचालन किए जाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ को तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम खेड़ी सावलीगढ़ निवासी अनिल गिरी ने खेत में आने जाने के लिए बंद रास्ते को खुलवाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार बैतूल को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।



### भूमि का कब्जा दिलाए जाने की मांग

जनसुनवाई में बैतूल मुख्यालय से सटे ग्राम दनोरा निवासी इंद्रकुमार वाघमारे ने रजिस्ट्री बैनामा से क्रय की गई भूमि का कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के गौठाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मी प्रजापति ने घर के सामने अनावेदक द्वारा की गई फेंसिंग को हटाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार बैतूल को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय निवासी अशोक राठौर द्वारा आवेदन के माध्यम से अधिक बिजली बिल दिए जाने की शिकायत की गई। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बिजली विभाग के जीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### 10.50 लाख का मशरूका जब्त

# पुलिस ने बकरी चोरी के मामले में पांच आरोपियों को पकड़ा



**बैतूल।** पुलिस ने बकरा-बकरी चोरी करने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर, चोरी गए सात नग बकरा-बकरी और एक लोडिंग वाहन को बरामद किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को शुभम पिता अशोक जैसवाल (27 वर्ष) निवासी देवगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 3 जुलाई को रात्रि लगभग 1-2 बजे के बीच उसके गाट फार्म से अज्ञात चोर एक लोडिंग वाहन के माध्यम से उसके 7 नग बकरा-बकरी चोरी कर ले गए। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक लोडिंग वाहन बैतूल बाजार से शाहपुर की ओर बकरा-बकरी लेकर हाईवे से जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और सोनाघाटी हाईवे पर नाकाबंदी कर वाहन को रोका गया।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत पंजीयन 15 अगस्त तक

**सीहोर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देशभर के 05 से 18 वर्ष तक की आयु तक के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। आवेदक आधिकारिक पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य युवाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करना, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और अन्य बच्चों को प्रेरित करना है। यह पुरस्कार उन बच्चों को एक मंच प्रदान करता है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं।

### रिक्त पदों के लिए 4 तक आवेदन आंमत्रित

**सीहोर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं। इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है। रिक्त पदों में द्वितीय श्रेणी के सहायक अभियंता (पारेषण) के 63 पद, विधि अधिकारी के 01, कनिष्ठ अभियंता पारेषण के 247, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 12, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक के 67, उपकेन्द्र परिचारक के 229 एवं सर्वेयर परिचारक के 14 पद शामिल हैं। एम.पी. ट्रांसको की अधिकृत वेबसाइट अथवा एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### शाम को सोहागपुर नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# चौरसिया समाज ने मनाई नागपंचमी किया पानबेल पूजन, सजाई झांकी

चौरसिया समाज सोहागपुर ने मंगलवार को नागपंचमी त्यौहार पर विशेष पूजन कार्यक्रम किया। इस दौरान नागदेव पूजन किया गया तथा शाम को शहर में परंपरा अनुसार शोभायात्रा निकाली गई। वहीं जिले भर में आयोजन हुए।





हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोहागपुर

चौरसिया समाज सोहागपुर ने मंगलवार को नागपंचमी त्यौहार पर विशेष पूजन कार्यक्रम किया। इस दौरान नागदेव पूजन किया गया तथा शाम को शहर में परंपरा अनुसार शोभायात्रा निकाली गई।

चौरसिया समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार नागपंचमी त्यौहार समाज द्वारा समूचे देश में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया जाता है। मंगलवार को पर्व पर समस्त सामाजिक व्यापारियों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे। शाम को चौरसिया समाज ने शोभायात्रा का आयोजन किया। नगर के जवाहर वार्ड से शुरू हुई शोभायात्रा पुराना अस्पताल मार्ग, बिहारी चौक, कमानिया गेट मार्ग, श्रीराम चौक व स्टेट हाईवे होते हुए नप के मंगल भवन पहुंची। जहां इस वर्ष के आयोजन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सहभोज के साथ किया गया।

### सुबह बरेजों में किया पूजन

नागपंचमी पर परंपरा अनुसार मंगलवार सुबह बरेजों में पानबेल का पूजन किया गया। जिसके उपरांत पान की बेलाओं को नागबेल मानकर उन्हें सामूहिक पूजन के लिए जवाहर वार्ड लाया गया। जहां सामाजिक बंधुओं ने नागदेव की प्रतिमा व पानबेल का पूजन किया। प्रसाद वितरण के साथ दिन का सामूहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ व शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पान बरेजे की झांकी सजाई गई एवं नागदेव की प्रतिमा भी स्थापित की गई। वहीं नरसिंहपुर से आए तथा आमंत्रित कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किये। क्षेत्रवासियों ने चौरसिया समाज को नागपंचमी पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।

## इटारसी और माखननगर में नागपंचमी पर दंगल, पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इटारसी

नागपंचमी के अवसर पर पंचशील व्यायामशाला नई गरीबी लाइन के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में अनेक छोटे-बड़े स्थानीय पहलवानों ने एकदूसरे पर दाव-पेंच आजमाये। ढोल की थाप के साथ पहलवानों का जोश चरम पर था। कोई जीता तो खुश होकर गया, जो हारा मायूस रहा। विजेताओं को पार्षद मनजीत कलोसिया, कैलाश रैकवार, चेतन पहलवान ने पुरस्कृत किया। नागपंचमी के अवसर पर आयोजित दंगल लगभग दो घंटे चला जिसे देखने दूर-दूर से लोग पहुंचे थे। नागपंचमी के अवसर पर यह आयोजन यहां हर वर्ष किया जाता है। इसमें मोहल्ले के बड़े-छोटे पहलवान अपने दाव-पेंच आजमाकर एकदूसरे को पटखनी देने की कोशिश करते हैं। विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। दंगल का नेतृत्व जगदीश, मनीष यादव, करण बरगले सहित मोहल्ले के युवाओं ने किया।



### नागपंचमी पर व्यायामशाला से निकाला जुलूस

माखननगर। वैसे तो व्यायाम शालाओं ने अब जिम का रूप ले लिया है लेकिन फिर भी नगर में नाग पंचमी पर अखाड़ा निकालने की परंपरा कायम है मंगलवार को गणेश व्यायामशाला एवं यंग स्टार हेल्थ क्लब ने व्यायामशाला में हनुमान जी की पूजन की उसके बाद अखाड़ा निकाला जिसमें युवाओं ने मुगदल घूमाकर प्रदर्शन किया अखाड़े के सदस्यों ने वरिष्ठ पहलवान पार्षद विशाल शाकुल कमलेश मिर्धा अमरदीप बघेल का शाल श्रीफल से स्वागत किया जुलूस में अनेक युवा शामिल हुए।



## सीएमओ ने देर शाम किया वार्डों और घाटों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम

नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा देर रात मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा लिया गया। उन्होंने निचले क्षेत्रों के वार्डों सहित मां नर्मदा के सेठानीघाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी स्थानों और अधिक पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। नगरपालिका के गौरव वर्मा ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले द्वारा आदमगढ़ वार्ड 20 में स्थित नाले का निरीक्षण किया गया। जो कि दिन में ओवर फ्लो हो रहा था। वहां बेरिकेटिंग कराई गई साथ ही मां नर्मदा के सेठानीघाट पर की गई बेरिकेटिंग का निरीक्षण किया गया था। तिलक भवन में बनाए गए बाढ़ नियंत्रण कक्ष से उदघोषणा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया गया कि मां नर्मदा के सभी घाटों पर सुरक्षा के लिए नगरपालिका के कर्मचारियों को तैनात किया जाएं।

### सुनीति दीवान पीएचडी उपाधि से सम्मानित



**सोहागपुर।** शहर निवासी रहे सेवानिवृत्त शिक्षक स्व. शरद कुमार दीवान की बेटी सुनीति दीवान को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि सुनीति ने विश्वविद्यालय के बायो साइंस के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. कपिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में जीवविज्ञान विषय में शोध कार्य पूर्ण किया तथा यह सफलता पाई है। सुनीति की इस सफलता पर दीवान परिवार के अलावा सभी शुभचिन्तकों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### एसटीआर में बफर जोन के मुख्य मार्ग पर घूमते देखे जा रहे भालू



**सोहागपुर।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में बाघ, तेंदुओं तथा भालुओं की अच्छी खासी संख्या है। इनमें भी भालू सर्वाधिक संख्या में हैं। जिन्हें बफर जोन से गुजरते सोहागपुर-कामती मुख्य मार्ग पर भी घूमते व भटकते आसानी से देखा जा सकता है। गत दिनों सोहागपुर शहरवासियों ने सोहागपुर-कामती मुख्य मार्ग पर भालू को सड़क पार करते देखा। नागरिकों ने मोबाइल कैमरे से भालू के चित्र लिये व हरिभूमि के साथ साझा किए हैं।

## जन सुनवाई में व्यापारियों ने की बाजार स्थित शौचालय हटाए की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोहागपुर




स्थानीय जनपद पंचायत सभागार में मंगलवार को जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय व्यापारियों ने नगर परिषद के मुखर्जी कंपलेक्स में स्थित बाथरूम हटाने की मांग की है।

आवेदन में व्यापारियों अभिषेक कुमार, हेमराज, अर्पित आदि ने उल्लेख किया है कि तीन वर्षों से मुखर्जी परिसर में एक शौचालय बना हुआ है। जहां कई प्रकार के गलत कार्य होते हैं तथा खुले में लोग शौच करते हैं। महिलाओं को परेशानी होती है क्योंकि लोग इस क्षेत्र में बैठकर शराबखोरी करते हैं। बरसात में शौचालय का पूरा गंदा पानी दुकानों के सामने से बहने लगता है जिसकी निकासी की व्यवस्था नहीं है। दिनभर गंदी बदबू के कारण व्यापारियों एवं ग्राहकों को बहुत परेशानी होती है। व्यापारियों ने नगर परिषद द्वारा बनाए गए इस बाथरूम को बंद करने की है, क्योंकि इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव परिषद द्वारा पारित नहीं किया गया है। तथा जहां बाथरूम बना है वह स्थल पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया था।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 को लेकर नप सीएमओ ने ली बैठक, विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोहागपुर

भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत शहर में स्वीकृति कार्य जारी है। गत दिवस नगर परिषद सोहागपुर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने नपकर्मियों व वार्ड प्रभारियों के साथ बैठक की है। बैठक में शर्मा ने वार्ड प्रभारियों द्वारा आवास के लिए ऑनलाइन भरे गए आवेदनों की जानकारी ली। इसके अलावा सीएमओ शर्मा ने आवेदनों के साथ संलग्न किये गए दस्तावेजों की भी जांच की। समस्त नस्तियों की जांच भी नप सीएमओ शर्मा के द्वारा की गई। बैठक में शर्मा ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को कुछ जरूरी निर्देश दिए हैं। तथा योजना के परिपालन में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना करने के आदेश भी सोहागपुर नप सीएमओ शर्मा ने कर्मचारियों को दिये।



### बढ़ाओ राजस्व वसूली

बैठक में राजस्व वसूली को लेकर शर्मा ने कहा कि सभी वार्ड प्रभारी अपने वार्ड क्षेत्र में सभी करों की वसूली के लिए सतत रूप से भ्रमण करें। उन्होंने सभी वार्ड प्रभारियों को कर वसूली का डाटा बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य रूप से बाजार क्षेत्र की दुकानों का किराया व नीलामी में व्यापारियों द्वारा बोली लगाकर ली गई नप की दुकानों की शेष प्रीमियम राशि वसूली को नियमित करने के आदेश भी शर्मा ने वार्ड प्रभारियों को दिये। उन्होंने अन्य प्रकरणों की भी समीक्षा की।

### ओटीआर रजिस्ट्रेशन 30 तक कराना अनिवार्य

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी।

### अधिवक्ता संघ ने एडीपीओ मनोज जाट को दी भावभीनी विदाई

**सिवनी मालवा।** स्थानीय अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायालय परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनोज जाट के सीहोर स्थानांतरण के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने श्री जाट के न्यायिक कार्यशैली, विनम्र स्वभाव एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्री जाट ने अपने कार्यकाल में निष्पक्षता एवं कर्तव्य परायणता के साथ कार्य किया, जिससे न्याय व्यवस्था में आमजन की आस्था और मजबूत हुई। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने कहा कि न्याय मे अभियोजन का बहुत महत्व होता है। अभियोजन द्वारा अपना पक्ष रखने मे जो साक्ष्य प्रस्तुत किये जाते है। वह प्रकरण की सुनवाई मे मुख्य होते है। ए डी पी ओ मनोज जाट का हमारे साथ लगभग एक साल का कार्यकाल रहा है। जिसमे उनके द्वारा सारगर्भित तरीके से अभियोजन का पक्ष रखा जाता रहा है। उनकी कार्यशेली बहुत अच्छी रही है। मे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ। ए डी पी ओ मनोज जाट ने कहा कि मेरा यहा न्यायालय का कार्यकाल 15 वर्षो का रहा है। यहां 29 मार्च 2010 को कार्यभार प्राप्त किया था। इन 15 वर्षो मे यहां रहते हुए कभी कोई परेशानी नही आयी। बार और बेन्च के सामंजस्य से 15 वर्ष कब निकल गये पता ही नही चला। मे आप सभी के लिए हर समय तत्पर रहूंगा। यहां की याद हर समय बनी रहेगी। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्तागण, न्यायालयीन अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।



### तवा डैम के नौ गेट खोले, नजारा देखने हजारों पर्यटक पहुंचे

**माखन नगर।** तवा डेम के गेट खुलने का इंतजार लोग साल भर करते हैं की कब गेट खुले और यह नजारा हम देखें मंगलवारको सुबह नौ गेट खोलने की जानकारी मिलते ही हजारों लोग परिवार मित्र मंडली के साथ यह नजारा देखने तबा नगर पहुंच गए वहीं लोगों ने ऐसे अद्भुत नजारे को अपने केमरे में कैद किया और आनंद लिया सैकड़ो लोगचार पहिया और दो पहिया वाहन से जिनकी वन विभाग की चेक पोस्ट पर जांच की गई लेकिन डैम किनारे प्रशासन ने सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए वाहनों की लंबी रेलम पेल होने से यातायात बाधित हुआ प्रशासन को डैम साइड पर सुरक्षा केलिए ध्यान देने की आवश्यकता है।



### वैद्यनाथ ज्योर्तिलिंग का हुआ अभिषेक

## नर्मदा करती है शिवजी का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इटारसी



शहर में इस समय सावन मास पर निंरतर धार्मिक आयोजन हो रहे है उसी कड़ी में परपंरानुसार भगवान शिव का लिंगाभिषेक श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे पं. सत्येन्द्र पांडेय पं. पीयूष पांडेय द्वारा विधि विधान से किया जा रहा है।

मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने मध्यप्रदेश के पूर्व निमाड़ में स्थित ओंकारममलेश्वर ज्योर्तिलिंग की कथा को विस्तार पूर्वक बताया और भगवान शिव का पूजन अभिषेक यजमान देवेन्द्र गीता पटेल से संपन्न कराया। पं. विनोद दुबे ने कहा कि रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने बालकांड में लिखा है कि शिवप्रिय मेकल सेल सुता सी सकल सिद्धि सुख संपत्ति रासी। रामचरित मानस की रामकथा शिवजी को नर्मदा के समान प्यारी है। यह सब सिद्धियों की तथा सुख की राशि है। महर्षि अगस्त की तपोस्थली भी ओंकारेश्वर रही है। यही पर आद्य शंकराचार्य ने नर्मदाष्टक की रचना की। परमार राजा ने भी यहां शिलालेख लगावाये। होल्कर रानी अहिल्या देवी ने यहां के ज्योर्तिलिंग मंदिर की मरम्मत और घाटो का निर्माण कराया। बुधवार को वैद्यनाथ(परली) ज्योर्तिलिंग के पार्थिव स्वरूप की पूजन एवं रूद्राभिषेक किया जायेगा।

## जिले के पहले इंटरेक्ट रोटरी क्लब का गठन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ इटारसी

जिले के प्रथम इंटरेक्ट क्लब इंटरेक्ट क्लब ऑफ ग्रीन प्वाइंट का स्थापना समारोह 27 गत दिवस द पार्क रिजॉर्ट में संपन्न हुआ। रोटरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इंटरेक्ट रोटरी के तहत 12 से 18 वर्ष के बच्चों का एक संस्थान है जो युवाओं में समाज के प्रति सेवा भाव एवं नेतृत्व कौशल को उभारता है। रोटरी डिसट्रिक्ट 3040 के मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा ने ग्रीन प्वाइंट स्कूल के कक्षा 9 की छात्रा मितिशा झा को अध्यक्ष, अर्पोगला जमीर को सचिव एवं वासु चिचवारे को कोषाध्यक्ष पद पर पिन लगाकर संस्थापित किया। दुनिया में लगभग 145 देशों में इंटरेक्ट क्लब्स हैं, इसी श्रृंखला में नर्मदापुरम में पहला क्लब स्थापित कर एक बार पुनः ग्रीन प्वाइंट स्कूल ने बच्चों की समग्र शिक्षा के लिए नए आयाम जोड़े हैं।

## पालकी यात्रा में शामिल हुए भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा

**सीहोर।** सावन मास में सीहोर जिले सहित नगर में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में सावन के तीसरे सोमवार को नगर में रतलामी परिवार द्वारा भव्य शिव पालकी यात्रा निकाली गई।

इस पालकी यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना की तो वहीं नगरवासियों सहित जिलेवासियों एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भी की। इस दौरान वे पालकी यात्रा में साथ भी चले। यात्रा के दौरान भगवान शिव के जयकारे लगते रहे तो वहीं जगह-जगह यात्रा पर फूलों की बारिश भी होती रही। पालकी यात्रा नगर के कोतवाली चौराहे से शुरू होकर जगदीश मंदिर सहित कई मार्गों से होते हुए चमत्कारेश्वर मंदिर पहुंची। यहां पर यात्रा में पंडित प्रदीप मिश्रा भी शामिल हुए।



शिव पालकी यात्रा कई वर्षों से निकाली जाती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना और उनकी भक्ति करने का महीना होता है। सिद्धपुर की नगरी सीहोर तो वैसे भी बड़ी पावन धरा है और अब यहां पर कुबेरेश्वर धाम के रूप में शिवलोक भी है। श्री अरोरा ने कहा कि सभी लोग सावन माह में भगवान शिव की आराधना करें और अपने जीवन को भी धन्य बनाएं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### राजपूत छात्रावास मामले में 6 पुलिसकर्मी लाइन अटैच

**हरदा।** राजपूत छात्रावास में हुई लाठीचार्ज की घटना पर एसपी अभिनव चौकसे ने कार्रवाई की है। उन्होंने 13 जुलाई को हुई इस घटना के मामले में एक एसआई और तीन हेड कांस्टेबल सहित कुल 6 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। लाइन अटैच किए गए पुलिसकर्मियों में सिटी कोतवाली के एसआई नूर मोहम्मद पठान, टिमरनी के हेड कांस्टेबल नितिन श्रीवास्तव, सिराली के हेड कांस्टेबल वीरेंद्र इवने और छीपाबड़ के हेड कांस्टेबल मुरारी दुबे शामिल हैं। इसके अलावा चालक सुनील विश्वकर्मा और आरक्षक राजकुमार केवट को भी लाइन अटैच किया गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री ने भी सख्त रुख अपनाते हुए विधानसभा के मानसून सत्र शुरू होने से पहले ही उन्होंने राजपूत छात्रावास की घटना को लेकर पांच पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इन अधिकारियों में एएसपी आरडी प्रजापति, एसडीएम कुमार शानू देवड़िया, एसडीओपी अर्चना शर्मा, सिटी कोतवाली टीआई प्रहलाद मर्सकोले और ट्रैफिक टीआई संदीप सुनेश शामिल हैं।

### हरदा एसडीएम डेहरिया खिरकिया शिवांगी बघेल

**हरदा।** जिले में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। कलेक्टर हरदा की ओर से जारी आदेश के अनुसार, शिवांगी बघेल को खिरकिया का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नियुक्त किया गया है। वहीं अशोक कुमार डेहरिया को हरदा का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने 28 जुलाई को यह आदेश डिजिटली हस्ताक्षरित किया है। प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग के अधिकारियों को नए प्रभार दिए गए हैं। शिवांगी बघेल डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। अशोक कुमार डेहरिया प्रभारी डिप्टी कलेक्टर हैं।

### 24 घंटों में जिले में 48.6 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 48.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 41.9 मि.मी., टिमरनी में 45.6 मि.मी., खिरकिया में 65.4 मि.मी., सिराली में 48.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 42 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 611.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 554.7 मि.मी., टिमरनी में 765.6 मि.मी., खिरकिया में 694.3 मि.मी., सिराली में 510.4 तथा रहटगांव में 531.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 29 जुलाई तक 375.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### श्रमिकों व कर्मियों को 7 या 10 तारीख तक दें वेतन

**हरदा।** सभी शासकीय कार्यालयों, मण्डलों एवं अशासकीय संस्थानों में कार्यरत आउटसोर्स, ठेका श्रमिक व दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को वेतन भुगतान करने की तिथि की समय सीमा के संबंध में वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के तहत प्रावधान किये गये है। श्रम पदाधिकारी हरदा ने बताया कि प्रावधानों के तहत यदि किसी औद्योगिक या अन्य स्थापना में एक हजार से कम व्यक्ति नियोजित है तो उनमें कार्यरत व्यक्तियों को जिस माह में कार्य किया गया है, उनके अगले माह की 7 तारीख से पूर्व वेतन भुगतान किया जाना है। हजार से अधिक व्यक्ति नियोजित है तो उसमें कार्यरत व्यक्तियों को जिस माह में कार्य किया गया हे, उसके अगले माह की 10 तारीख से पूर्व वेतन भुगतान किया जाना है।

### मदिरा के अवैध विक्रय के 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हंडिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिराखान, उंडाल, सीगोन, नयापुरा व मालपौन में दबिश दी। दबिश के दौरान 9 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 41 पाव देशी शराब, 6 बीयर केन एवं 2 बीयर बोतल जप्त कर कुल 6 प्रकरण दर्ज किये। अनुमानित बाजार मूल्य 6375 रुपये है।

### जर्जर भवनों से जानमाल का नुकसान न हो, ऐसे भवनों को चिन्हित कर तोड़ा जाए

# खाद वितरण एवं मूंग उपार्जन केंद्रों पर निगरानी रखी जाए : कलेक्टर

## जिले में बायोक्लोर कीटनाशक का विक्रय प्रतिबंधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में लगातार हो रही बरसात में सुरक्षा के दृष्टिगत जर्जर भवनों को चिन्हित कर तत्काल तोड़े जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा है कि वे इस बात के लिये सजग रहें कि जर्जर भवनों से कहीं भी जान माल का नुकसान न हो। खासतौर पर जर्जर स्कूल भवनों एवं आंगनवाड़ी भवनों को राईट ऑफ कर तोड़ने की कार्यवाही पर ध्यान दिया जाए। जहां निजी भवन खतरनाक स्थिति में हैं, भवन स्वामी को नोटिस देकर उनको भी तोड़ने की कार्यवाही की जाए। तोड़ते समय इन भवनों की वीडियोग्राफी कराई जाए।

मंगलवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने तहसीलदारों को निर्देश दिये कि वे मूंग उपार्जन केन्द्रों एवं उर्वरक वितरण केन्द्रों का सतत निरीक्षण करें। साथ ही ध्यान दें कि इन केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा न हों। सभी जगह छाया एवं पेयजल का इंतजाम हो। खाद का वितरण किसानों को सुव्यवस्थित कतार लगाकर किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि खाद की रैक लगने एवं वितरण की जानकारी संबंधित एसडीएम को दी जाए। एसडीएम अपने क्षेत्र में खाद वितरण व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करें। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण समाधान के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि शिकायतों में आने वाली लोगों की वाजिब परेशानियों को समझें और समय सीमा में उनका उचित निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन का लंबित रहना आमजन की समस्याओं के हित में उचित नहीं है। लोक निर्माण विभाग से संबंधित दर्ज एक शिकायत में सड़क निर्माण से शिकायत कर्ता के घर में पानी घुसने की समस्या का उचित निराकरण नहीं होने पर विभाग के एल-वन अधिकारी का एक सप्ताह का अवैतनिक करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिये गये। उद्यानिकी के क्षेत्र में बोई फसलों की गिरदावरी में शुद्धता लाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये। समस्त अनुविभागीय अधिकारियों से कहा गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि गिरदावरी में सही फसलें अंकित हों। बैठक में स्कूलों में रोस्टर बनाकर नेत्र जांच शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये गये। साथ ही कहा गया कि स्कूलों में हेल्थ कैम्प भी लगाये जाएं। भादूगांव में मुक्तिधाम क्षतिग्रस्त हो जाने की समस्या सामने आने पर कलेक्टर द्वारा मुक्तिधाम की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। हंडिया में अवैध शराब विक्रय की शिकायत पर कलेक्टर ने कहा कि जिला आबकारी अधिकारी इस मामले की जांच करें।

### प्रतिबंधित की कीटनाशक

बायोक्लोर कीटनाशक से फसल खराब होने संबंधी खबर पर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी से इसकी पड़ताल की, विभागीय अधिकारी ने बताया कि उक्त कीटनाशक का विक्रय जिले में प्रतिबंधित किया गया है। बैठक में सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंश को गौशालाओं/आश्रय स्थलों पर पहुँचाने के लिये निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने पटवारियों की उपस्थिति अब सार्थक एप के माध्यम से दर्ज कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि एप पर दर्ज उपस्थिति के आधार पर ही अब वेतन भुगतान किया जाएगा। बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूल समय नहीं था

# सरकारी स्कूल की छत व दीवार गिरी, कोई जनहानि नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिराली तहसील के वनग्राम सांवरी के सरकारी स्कूल के जर्जर भवन की दीवार और छत सोमवार रात को गिर गई। गनीमत रही कि यह हादसा स्कुल लगने के दौरान नहीं हुआ। हर मामले की तरह विभाग ने इस मामले में भी जांच कराकर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। जयस जिलाध्यक्ष राकेश काकोडिया ने कहा कि अगर यह हादसा स्कूल समय में होता तो विद्यार्थी दुर्घटना का शिकार हो सकते थे।

डीपीसी बलवंत पटेल ने बताया कि स्कूल का एक हिस्सा और छत गिरने की सूचना मिलने पर संकुल प्राचार्य सहित चार सदस्यों की जांच टीम गठित की गई है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उधर बीआरसी रमेश पटेल के अनुसार शिक्षक ने इस बारे में भवन को डिसमेंटल करने के लिए पत्र लिखा था। जिसके आधार पर हमने भी वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लिखा था. लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। इस घटना ने जिले में शिक्षा विभाग की लापरवाही को एक बार फिर उजागर कर दिया है। यहां जिले में ऐसे कई विद्यालय के भवनों की हालत पिछले कई वर्षों से जर्जर है, किंतु शिक्षा विभाग द्वारा समय पर इसका निरीक्षण नहीं किया गया और न ही मरम्मत की कोई व्यवस्था की गई। अधिकारीयों का कहना है की बीते 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश के कारण यह हादसा हुआ है. घटना के



समय विद्यालय में बच्चे उपस्थित नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा और जन हानि हो सकती थी। उधर ग्रामीणों एवं अभिभावकों द्वारा कई बार शिक्षा विभाग को शिकायत की गई थी कि विद्यालय भवन की हालत बेहद खराब है, लेकिन विभाग ने आंखें मूंद रखी थी। अब जब भवन की छत गिर गई तो यह स्पष्ट हो गया है कि विभाग बच्चों की सुरक्षा के प्रति कितना असंवेदनशील है। डीपीसी बलवंत पटेल का कहना है की घटना कोई लेकर जाँच दल बनाया गया है उनकी रिपोर्ट के बाद कार्यवाई की जाएगी।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

## शिकायत : नीलामी में ख़रीदे मकान का अब तक नहीं मिला कब्जा

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्व कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं संजीव नागू के साथ-साथ एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, डिप्टी कलेक्टर शिवांगी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम बूंदड़ा निवासी इमरान खान ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर शिकायत की, कि उन्होने यूनियन बैंक से निलामी प्रक्रिया में हरदा के खेड़ीपुरा में मकान खरीदा था, किन्तु बैंक द्वारा न तो मुझे मकान का कब्जा दिया जा रहा है और न ही मुझे राशि वापस दी जा रही है, इस पर उन्होने एलडीएम हरदा को मामले की जांच



कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में अयान खान निवासी उपाध्याय कॉलोनी ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर बीच सड़क में स्थित पुराने व अनुपयोगी विद्युत पोल को हटवाने की मांग की, जिस पर उन्होने महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को अनुपयोगी पोल को हटवाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम भुन्नास निवासी जसवंत गौर ने कलेक्टर जैन को अतिथि शिक्षक के पद पर री-ज्वाईनिंग कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम बारजा निवासी शैलेन्द्र राजपूत ने जनसुनवाई में नक्शा दुरूस्तीकरण कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उन्होने एसडीएम टिमरनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

### पुराने और जर्जर भवनों को गिराने का अभियान शुरू

# होली चौक के पास पुरानी और जर्जर दीवार गिराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर जानमाल की सुरक्षा के लिए पुराने और जर्जर भवनों को गिराने का अभियान शुरू किया गया है। मंगलवार को प्रशासन ने शहर के वार्ड नंबर 8 में एक पुरानी और जर्जर दीवार को गिराया। इस दौरान हरदा तहसीलदार राजेंद्र पवार और नगर पालिका सीएमओ कमलेश पाटीदार मौके पर उपस्थित रहे। तहसीलदार पंवार ने बताया कि बारिश से पहले नगर पालिका ने शहर के जर्जर भवनों को चिह्नित कर उनके मालिकों को नोटिस जारी किए थे। लेकिन संबंधित लोगों ने इन मकानों को नहीं तोड़ा। बारिश के दौरान इन मकानों के गिरने की आशंका को देखते हुए अब इन्हें गिराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जानमाल की सुरक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। नगर पालिका सीएमओ पाटीदार ने बताया कि शहर में कुल 41



जर्जर भवनों को चिन्हित किया गया है। इन भवनों से बारिश के दौरान कभी भी हादसा हो सकता है।

खंडहर हो चुके ये भवन बारिश में कभी भी ढह सकते हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को खतरा हो सकता है। सीएमओ पाटीदार ने बताया कि जर्जर भवनों में रहने वाले लोगों को मकान खाली करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। बुधवार सुबह शेष स्थानों पर कार्रवाई की जाएगी। मकान मालिकों को भवन गिराने के लिए समझाया जा रहा है। कई मकान मालिकों का कहना है कि उनका मामला कोर्ट में विचाराधीन है और उन्हें स्टे मिला हुआ है। मकान मालिक और किरायेदारों के बीच चल रहे विवाद के कारण इन मकानों को तोड़ने में दिक्कत आ रही थी।

# समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज

**हरदा।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 30 जुलाई को आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 जुलाई को शाम 4 बजे समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सी.एम. हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान एक दिवस के विषयों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में इस बार गृह विभाग अंतर्गत विवेचना में विलंब व लापरवाही करने, समय से प्रकरण में न्यायालय में प्रस्तुत नहीं करने, किसी पक्ष से मिलकर दबाव में सही कार्यवाही अथवा विवेचना न करने संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत हेण्डपम्प के रखरखाव, मरम्मत एवं विशेष खराबी का निराकरण न होने संबंधी, श्रम विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश असंगठित शहरी व ग्रामीरण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना के प्रकणों, राजस्व विभाग के भूमि के सीमांकन संबंधी, ऊर्जा विभाग अंतर्गत बिल में गड़बड़ी संबंधी शिकायतों, कुटीर एवं ग्रामोद्योग अंतर्गत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से संबंधित प्रकणों, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत मेडिकल कॉलेज में प्रसूति सहायता योजनान्तर्गत न्यूनतम राशि न मिलने संबंधी प्रकरणों, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक व अन्य द्वारा योजना का लाभ दिये जाने हेतु अनुचित राशि की मांग संबंधी प्रकरणों तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग अंतर्गत शिष्यवृत्ति अथवा छात्रवृत्ति संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करेंगे।

# 135 लीटर अवैध देसी-विदेशी शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**झिरन्या।** पुलिस चैनपुर के नवागत थाना प्रभारी गेहलोद सेमलिया ने अवैध शराब के परिवहन और विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर,कुल 135 लीटर अवैध देशी-विदेशी शराब बरामद की गई है,जिसकी कीमत करीब 68,000/- रूपये है। यह कार्रवाई, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना और एसडीओ पुलिस भीकनगांव राकेश आर्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमलिया और टीम द्वारा की गई है। जिसमें मुखबीर की सूचना पर आरोपी विकास पिता संतोष जाधव उम्र 25 साल निवासी रतनपुर को गिरफ्तार किया गया है। घटनानुसार आरोपी गाँव के समीप ही एक पुलिया के पास खड़ा था,जो रातलीपुरा की तरफ जाने की फिराक था। उसके पास मिले बोरे में देशी-विदेशी शराब की पेटियां रखी हुई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से कुल गोवा व्हिस्की 180 मिली लीटर के 8 कार्टुन कीमत करीब 40000 रू. और सफेद देशी मदिरा प्लेन 180 मिली लीटर के 7 कार्टुन कीमत करीब 28000 रू (कुल शराब करीबन 135 लीटर कुल कीमत 68,000/- ) शराब बरामद की गई है। इस मामले में थाना चैनपुर पर अपराध क्रमांक 264/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

# जनसुनवाईः लोगों की समस्याओं के निराकरण के अफसरों के दिए निर्देश

**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले, अरविंद चौहान, संयुक्त कलेक्टर एस. आर. सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ग्राम चट्टू-बट्टू के इंद्रसिंह, नैनसिंह, शोभाराम और श्यामलाल ने वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त अनुसूचित जनजाति विकास को पात्रता परीक्षण कर पात्रों को पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए। सेवानिवृत्त लेखपाल किरण दास ने बताया कि फरवरी 2023 से उसकी पेंशन बंद हो



गई है। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच कर पेंशन पुनः चालू करवाने के निर्देश दिए। तलवाड़यिा निवासी लक्ष्मण ने अपनी भूमि पर गांव के अन्य लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण की शिकायत की। कलेक्टर ने तहसीलदार को अतिक्रमण हटाकर भूमि का कब्जा लौटाने के निर्देश दिए। पंचायत पल्कना के तहसीन खान ने पंचायत में घोटाले की जांच की मांग की।

# अफसरों को नदी जलस्तर की सतत मॉनिटरिंग व सतर्कता के दिए निर्देश

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मचारियों को



निर्देश दिए कि वे विकासखंड स्तर पर बनाए गए नियंत्रण कक्षों के सतत संपर्क में रहें और किसी भी महत्वपूर्ण सूचना की जानकारी तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद चौहान और एस. आर. सोलंकी भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि नर्मदा नदी और अन्य नदियों में बढ़ते जलस्तर की सतत निगरानी की जाए। साथ ही नदी तट से लगे निचले इलाकों में मुनादी कराकर कोटवारों के माध्यम से ग्रामीणों को संभावित खतरे के प्रति सतर्क किया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति बनने पर निचले इलाकों में निवासरत ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**ओंकारेश्वर बाँध के 14 गेट खुलेंगेः** ओंकारेश्वर बाँध में जलस्तर 195.18 मीटर पहुँचने के बाद जलप्रवाह को नियंत्रित करने के लिए जल छोड़े जाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। वर्तमान में बाँध के 9 गेटों से 1614 क्यूमेक्स तथा विद्युत गृह से 1896 क्यूमेक्स पानी, कुल 3510 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है।

### खंडवा विधायक छाया मोरे ने विधानसभा में उठाए मुद्दे

# गुड़ी उपमंडी, गोशालाओं में सोलर प्लांट, छैगांव माखन को नगर पंचायत बनाने, इंदौर हाईकोर्ट बेंच से जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

पंधाना विधानसभा की विधायक छाया मोरे निरंतर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं, उसी कड़ी में विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा विधायक छाया गोविन्द मोरे ने एक के बाद एक कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने किसान, पशुपालक, नगरीय विकास तथा न्याय व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर तारांकित प्रश्नों के माध्यम से सरकार से जवाब मांगा और जनहित में ठोस कार्रवाई की अपेक्षा जताई। पूछे गए प्रश्न क्रमांक 627 में छाया मोरे ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री से जानना चाहा कि क्या पंधाना विधानसभा अंतर्गत गुड़ी कृषि उपमंडी में प्लेटफार्म, लिंक सीसी रोड, पेयजल व्यवस्था, तोलकांटा तथा कृषक विश्रामगृह जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है? उन्होंने यह भी पूछा कि यदि ऐसा है तो इन सुविधाओं की पूर्ति कब तक की जाएगी। इसके बाद छाया मोरे ने प्रश्न क्रमांक 1397 के माध्यम से पशुपालन एवं डेयरी विभाग से यह जानकारी मांगी कि क्या मध्य प्रदेश में गौशालाओं में रोशनी के लिए सोलर प्लांट लगाने की कोई योजना है? साथ ही उन्होंने पंधाना विधानसभा की 7 सुचारु रूप से कार्यरत गौशालाओं झ्र माँ भगवती देवी गौशाला समिति ग्राम सिरसौद, नवीन सुरभि गौशाला ग्राम देशगाँव, माँ गंगा गौशाला ग्राम धनगाँव, श्रीचंद गौशाला ग्राम निहालवाड़ी, नर्मदा गौशाला ग्राम पछाया,




श्रीकृष्ण गौपाल गौशाला ग्राम घाटाखेड़ी और श्रीसंत सिंगाजी गौशाला पीपलोद खास झ्र में सोलर प्लांट लगाने की कार्ययोजना के बारे में पूछा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि योजना है, तो इन प्लांटों की स्थापना कब तक होगी? प्रश्न क्रमांक 1398 में विधायक छाया मोरे ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग से यह सवाल उठाया कि पंधाना विधानसभा अंतर्गत इंदौरझ्रइच्छापुर हाईवे पर स्थित ग्राम पंचायत छैगांव माखन को बढ़ती जनसंख्या और विकास की आवश्यकता को देखते हुए नगर पंचायत में कब तक परिवर्तित किया जाएगा? साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी मांगी कि मध्य प्रदेश में किसी क्षेत्र को नगर पंचायत घोषित करने के लिए क्या तय नीति और नियम हैं? इसके अलावा प्रश्न क्रमांक 628 में उन्होंने विधि एवं विधायी कार्य विभाग से एक गंभीर और लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खंडवा जिला न्यायालय जबलपुर हाईकोर्ट के क्षेत्राधिकार में आता है, जिसकी दूरी खंडवा से 477 किलोमीटर है।